वर्ष- 02 अंक- 143
छपरा
14 अप्रैल सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मुझे पापा पर गर्व है... कुलदीप के पार्थिव शरीर के आगे रोती रही बेटी



## हर आंख हुई नम,लगते रहे कुलदीप चंद अमर रहे के नारे

**हमीरपुर (एजेंसी)।** रविवार को शहीद कुलदीप चंद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव कोहलवीं पहुंचा । हजारों लोगों ने नम आंखों से शहीद कुलदीप चंद को अंतिम विदाई दी है। जैसे ही कुलदीप चंद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा तो स्थानीय युवाओं द्वारा भारत माता की जय के नारे से कोहलवीं गांव गूंज उठा। राजकीय सम्मान के साथ कुलदीप चंद का अंतिम संस्कार किया गया। बेटे आर्यन ने नम आंखों से अपने पिता को मुखाग्नि दी। बता दें कि जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसमें भारतीय सेना के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। कुलदीप चंद की टीम ने तीन आतंकियों को भी एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी आतंकियों को बॉर्डर पार करने नहीं दिया और अपना सर्वोच्च बलिदान के दे दिया। बेटे का शव जैसे ही घर पहुंचा मां अपने आंसू रोक नहीं पाई। मां के बार-बार अपने लाल की शहादत में विलाप पर कुछ महिलाएं उनके सीने को सहलाती हुई उन्हें सांत्वना देती नजर आई। शहीद के बच्चे भी रोते-रोते पिता को याद करते दिखे। दो महीने पहले ही कुलदीप चंद छुट्टी पर घर आए थे। परिवार में उनके अलावा, माता पिता और पत्नी और दो बच्चे हैं। बेटी ने भी मीडिया से बातचीत की और कहा कि उन्हें अपने पापा पर गर्व है। बेटी ने कहा कि पापा से फोन पर बातचीत होती रहती थी।

## आतिशी का बड़ा आरोप, दिल्ली सीएम के पति चला रहे सरकार



**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और एएपी नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर आरोप लगाया कि उनके पति सरकार चला रहे हैं। आतिशी ने एक्स पर फोटो शेयर कर लिखा- इन फोटो को ध्यान से देखिए। जो व्यक्ति एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसईबी के अफसरों की मीटिंग ले रहे हैं, यह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता हैं। आतिशी ने दिल्ली में हो रहें पावर कट और बढ़ती स्कूल फीस को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- क्या रेखा गुप्ता को काम संभालना नहीं आता। इसी वजह से दिल्ली में रोज लंबे-लंबे पावर कट हो रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ रही है। वहीं, इसके जवाब में दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। सचदेवा ने कहा कि किसी भी पति का अपनी पत्नी को समर्थन करना सामान्य बात है। एक्स पर सचदेवा ने लिखा - मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से इस पद तक पहुंची हैं और यह बिल्कुल सामान्य बात है कि परिवार के सदस्य उनका समर्थन कर रहे हैं।

## ऑनलाइन ठगी की 95 फीसदी रकम बैंकों ने अभी नहीं लौटाई

**नई दिल्ली एजेंसी।** साइबर स्पेस में ऑनलाइन ठगी का शिकार होने वालों को बैंकिंग सिस्टम भी छका रहा है। पिछले 3 साल में साइबर ठगी का शिकार होने से बची 87.88 करोड रु. की राशि में से सिर्फ 4 करोड़ 15 लाख रु. यानी महज 5 फीसदी ही उपभोक्ताओं को वापस मिल पाए हैं। बाकी रकम बैंकों में कोर्ट के आदेशों के इंतजार में ब्लॉक पड़ी है। डिजिटल पेमेंट पर एक संसदीय रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी की कुल रकम में से कम से कम 10त्न पकड़ ली जाती है लेकिन वह उपभोक्ता को वापस नहीं मिल पाती। आधिकारियों ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड की रकम कोर्ट के आदेश से ही वापस की जा सकती है। एक समस्या यह भी है कि साइबर फ्रॉड और वैध पेमेंट के बीच फर्क करना मुश्किल पड़ता है क्योंकि फ्रॉड करने वाले असली और फ्रॉड ट्रांजेक्शन मिलाकर करते हैं। दूसरा, बैंक और वित्तीय संस्थाएं ब्लॉक की हुई रकम से फ्रीज हटाने में आनाकानी करती हैं। संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में 547 करोड़ रु. की साइबर ठगी में से 3 करोड़ 64 लाख रु. की रकम बैंकों ने ब्लॉक कर दी।

### वक्फ को लेकर वेस्ट बंगाल के मुर्शिदाबाद अब भी तनाव

## वक्फ पर बवाल,घर छोड़कर भागे 500 से ज्यादा हिंदू

**कोलकाता एजेंसी।** वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के धुलियान में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के डीजीपी का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। वहीं यहां रविवार सुबह भी फायरिंग की खबरें आई थीं। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह बीएसएफ की टीमों को निशाना बनाकर फायरिंग की गई थी। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का दावा है कि धुलियान में कम से कम 500 हिंदुओं को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करना पड़ गया है। बता दें कि इस हिंसा में कम से कम तीन लोगों की जान गई है। अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति कि वजह से कट्टरपंथियों को छूट और बढ़ावा दिया जाता है। अधिकारी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 400 से ज्यादा हिंदुओं को धुलियान छोड़ना पड़ गया है। कट्टरपंथियों के डर के मारे उन्हें पार लालपुर हाई स्कूल, देवनाकुप-सोवापुर जीपी, बैसनाबनगर मालदा में शरण लेनी पड़ी है। इसके अलावा अधिकारी ने वीडियो और फोटो भी शेयर किए। बताया गया कि पार लालपुर हाई स्कूल में कम से कम 500 लोग पलायन करके पहुंचे हैं। वहीं मालदा के स्थानीय लोग उनकी मदद कर रहे हैं। बताया गया कि दो दिनों से लोग पलायन कर रहे हैं। वहां के लोगों ने बताया कि वे जान बचाकर भागे हैं।



## सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप चलाएंगी, गैस भी बांटेंगी



**भोपाल एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच एमओयू हुआ। इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग-अलग एमओयू भी किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन-डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के साथ-साथ नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश के सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगे और रसोई गैस का वितरण भी संभालेंगी। शाह ने कहा कि सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है। इससे पहले स्टेट हैंगर पर शाह का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- मध्य प्रदेश के अंदर कृषि,पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं। मैं मानता हूं कि हमें हमारी संभावनाओं का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए ढेर सारा काम करने की जरूरत है।

## नेशनल हेराल्ड केस-ईडी जब्त करेगी 661 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करेगी। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और एसोसिएटेड नियमों के नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे हैं, जहां ये संपत्तियां हैं। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाले परिसर को खाली करने की मांग की है। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

## यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला,20 लोगों की मौत


### सुमी शहर पर अटैक, मेयर की बाल-बाल बची जान



**कीव एजेंसी।** यूक्रेन के सुमी शहर के लिए 13 अप्रैल हमेशा के लिए दर्द और मातम की पहचान बन गया है। जब पूरा शहर पाम संडे पर चर्चों में प्रार्थना और श्रद्धा में डूबा था, तभी रूस की तरफ से किए गये भीषण मिसाइल हमले ने शांति को झन्नाटेदार धमाकों से चीर दिया। मिनटों में एक खुशहाल इलाका मलबे का ढेर बन गया और 20 से ज्यादा नागरिकों की जान चली गई। सुमी शहर के कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबजार की इस भयानक हमले में बाल बाल जान बच गई है। उन्होंने इस हमले की पुष्टि करते हुए इसे 'भयानक त्रासदी' करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने यूक्रेन के ऊपर ये भयानक हमला उस वक्त किया है, जब दोनों देशों के बीच ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोकने के लिए अमेरिका की तरफ से की जा रही मध्यस्थता के बीच शर्तों को लेकर गंभीर विवाद चल रहा है। दावा किया गया है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर इस समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के प्रमुख स्टाफ एंड्री यरमक ने इस हमले की निंदा की है और इसे नागरिकों के खिलाफ किया गया हमला करार दिया है।

## झारखंड में विदेशी घुसपैठ ने बढ़ाई सुरक्षा की चिंता

### बोकारो में ग्रामीणों ने संदिग्ध बांग्लादेशी को पकड़ा






**बोकारो एजेंसी।** झारखंड में बोकारो के चंदनकियारी थाना क्षेत्र के झाबरा गांव के ग्रामीणों ने शनिवार रात को इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों घूमते देखा। रात के अंधेरे में संदिग्ध लोगों को देखकर जब ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, तो सभी भागने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर चंदनकियारी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में की गई है। चंदनकियारी थाना की पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति से काफी पूछताछ की लेकिन वो हर सवाल पर टालमटोल जवाब देता रहा। बाद में पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम नूर बीन मुस्तफा बताया और वो बांग्लादेश के ढाका का रहने वाला बताया जा रहा है। चंदनकियारी सीएचसी के डॉक्टर की ओर से रेफर किए जाने के बाद पुलिस की ओर से उसे बोकारो जनरल अस्पताल ले जाने की बात कही गई है।

## संविधान संशोधन सुप्रीम कोर्ट करेगा तो ये सदन क्या करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ज्यूडिशियल ओवररीच बताया है। ज्यूडिशियल ओवररीच का मतलब कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल होता है। उन्होंने आगे कहा, कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रहेगी। केरल राज्यपाल ने कहा- संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा 3 महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों लंबित रखती है, ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा, केरल राजभवन में कोई बिल लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए हैं। गौरतलब है कि केरल सरकार भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है, जिस पर 13 मई को सुनवाई है। केरल सरकार ने सीजेआई संजीव खन्ना से अपना केस जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच को भेजने का आग्रह किया है। अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है।



# इसुआपुर में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मशरक के सीमावर्ती डोईला गांव मे रविवार को तरैया विधायक सह सतारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह के आवासीय परिसर में भाजपा का विधानसभा क्षेत्र का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता विधायक जनक सिंह ने जबकि मंच संचालन अखिलेश मिश्र ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग जनक राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर मंत्र दिया। हालांकि इसके पूर्व सभी ने पार्टी संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंड़ित दीनदयाल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर नमन किया। मंत्री जनक चमार ने कहा कि पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन पूरे बिहार प्रदेश में चल रहा हैं। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल से ही संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी हैं। इस कार्यक्रम के तहत हमारे कार्यकर्ता गरीब एवं पिछड़े लोगों के बस्तियों में जाकर भीमराव अंबेडकर एवं गरीबों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है। उन लोगों को जानकारी देना बिहार मे नीतिश कुमार और केंद्र में मोदी सरकार ने गरीबों के लिए जो कल्याणकारी योजना लाकर जो काम कर रही है। वह किसी भी सरकार में नहीं हुआ है। विधायक जनक सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी के नीति सिद्धांत, देशहित में भाजपा के योगदान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछले 11 वर्षों में देश व जनहित में किये गये कार्य व मुख्य उपलब्धियों से अवगत



कराया। और उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि तरैया विधानसभा के सभी गांवों में विकास की लहर चल रही है।

## ग्रेजुएशन डे पर आयोजित कार्यक्रम में रविकांत पुरस्कृत, परिजन खुश



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के मां शांति पॉली क्लिनिक पटराही खुर्द के चिकित्सक डा.छोटू कुमार साह व सीएसपी संचालिका शोभा कुमारी के पुत्र रविकांत कुमार ने सेंट जोसेफ एकेडमी सरायबक्स में ग्रेजुएशन डे पर आयोजित कार्यक्रम में उसे पुरस्कृत किया गया।रविकांत की मां शोभा कुमारी की उपस्थिति में स्कूल की प्राचार्या कल्पना क्षेत्री व अन्य ने सर्टिफिकेट प्रदान किया।रविकांत कुमार ने यूकेजी ए में वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लाया है।उसे बेहतर अंक लाने पर कामख्या साह,शांति देवी, चंदन कुमार साह,बबन कुमार आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अराजकता और सांप्रदायिकता के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत- एप्सो

**छपरा** 7 भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यालय स्थित सभागार में अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन (एप्सो) की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और देश व दुनिया में फैल रही अराजकता और अशांति पर चिंता व्यक्त की वहीं वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जब सांप्रदायिक शक्तियां समाज को बांटने की कोशिश कर रही हैं, ऐसे में एप्सो का दायित्व बनता है कि वह जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को एकजुट करे।एप्सो के कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत की जनता समझदार है और किसी के बहकावे में नहीं आने वाली। संगठन का उद्देश्य है कि देश ही नहीं, पूरे विश्व में शांति और सद्भाव का वातावरण स्थापित हो। कार्यकर्ताओं ने यह भी आह्वान किया कि सभी नागरिक आगे आकर शांति के लिए प्रयास करें और समाज को संगठित रखें।बैठक के दौरान कई स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई और भविष्य की रणनीति पर विचार किया गया।इस अवसर पर अपनी विचार प्रकट करने वालों में डॉ के एन सिंह, शिक्षक नेता महात्मा प्रसाद गुप्ता, विजयसाह, समाजसेवीतथाअभिनेत्री,आरती साहनी, शिक्षक नेता सुरेन्द्र सौरभ, डॉ रविन्द्र, श्याम सिंह, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी राम बाबू सिंह सहित आदि रहें।

## भरपुरा पंचायत भवन में मनायीं गयी पूर्व मुखिया स्व.वीरेंद्र प्रसाद वर्मा की 7वीं पुण्यतिथि



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिले और राज्य में अपनी पहचान रहने वाले व्यक्तित्व और कृतित्व के धनी व्यक्ति और 40 वर्षो तक मुखिया रहे वीरेंद्र प्रसाद वर्मा के सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत भरपुरा पंचायत भवन के प्रांगण में सभी सामाजिक कार्यकर्ताओ, बुद्धिजीवियों,समाजसेवियों ,जनप्रतिनिधि के मौजूदगी में धूमधाम के साथ उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया । इस 7 वीं पुण्यतिथि पर सभी लोगों ने कहा कि भरपुरा पंचायत भवन के वर्मा चौक के पास ही बीरेंद्र प्रसाद वर्मा जी का प्रतिमा लगे ,क्योंकि उनके जीवनकाल में ही वर्मा चौक के नाम से नामांकन हुआ है तो उस स्थल पर ही वर्मा जी का प्रतिभा लगे जिससे उनके किए गए कार्य उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को लोग देखकर युवा पीढ़ी सीख ले। कार्यक्रम क़े अध्यक्षता कांग्रेस नेता पंकज सिंह परमार ने करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वीरेंद्र प्रसाद वर्मा एक सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं थे बल्कि वे गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले एक महान बुद्धिजीवी व्यक्ति थे, इनकी जितनी भी प्रशंसा किया जाए वह काफी कम है। कार्यक्रम का संचालन अनिल वर्मा जबकि समापन रानू श्रीवास्तव ने किया। मौके पर जगदीश सिंह ने कहा कि वर्मा जी भरपुरा पंचायत के लगातार 40 वर्षो तक मुखिया पद पर रहकर पंचायत के सर्वांगीण विकास किए। जो व्यक्ति परिवार के लिए व अपने लिए मरते हैं या कार्य करते हैं उनका नाम ज्यादा दिन तक नहीं रहते हैं लेकिन जो व्यक्ति पंचायत,क्षेत्र व समाज ,राज्य और देश के लिए अपना जीवन सर्वस्व निछावर करते हैं उनका नाम सदा सदा के लिए अमर हो जाते हैं । वैसे में वर्मा जी का भी नाम सदा अमर रहेगा । वे जाति ,धर्म से ऊपर उठकर एक अच्छे समाज के निर्माण और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैसे महान समाजसेवी के धनी व्यक्ति थे। पुनीत सिंह व उमेश चौरसिया, रानू श्रीवास्तव ने कहा कि वर्मा जी ने अपने पंचायत ही नहीं बल्कि सोनपुर अनुमंडल बनाओ जैसे मुहीम में भाग लेकर क्षेत्र के कई ऐसे कार्य किए हैं जो आज की युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत है। पहलेजा रेलवे स्टेशन पर वर्मा जी का ही अहम भूमिका रहा कि आज भरपुरा नाम स्टेशन का जोड़ा गया।

## श्री शतचंडी महायज्ञ को सफल बनाने हेतु एकत्रित राशि एवम सामग्री को सार्वजनिक किए जाने की मांग

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** स्थानीय प्रखंड के खानपुर में स्थित माँ जगदम्बा मन्दिर परिसर में पिछले दिनों सम्पन्न श्री शतचंडी महायज्ञ को सफल बनाने हेतु एकत्रित राशि एवम सामग्री को सार्वजनिक किए जाने की माँग तेज हो गई हैं। रविवार को मन्दिर परिसर में मुखिया दीपक मिश्रा के संयोजकत्व में सम्पन्न ग्रामीणों की बैठक में पूर्व की समिति भँग कर नई समिति के गठन की घोषणा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने एकस्वर से यज्ञ के लिए एकत्रित राशि एवम सामग्री की जानकारी सार्वजनिक करने की माँग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कथित तौर पर लगभग आधा दर्जन समिति सदस्यों ने चन्दे की लाखों के रकम व सामग्री का वारा न्यारा किया है। सामाजिक स्तर पर इसका कुप्रभाव निश्चित है। मौके पर मौजूद मुखिया ने कहा कि यदि चन्दे की रकम को सार्वजनिक नही किया गया तो वे समिति सदस्यों के खिलाफ मुकदमा भी करेंगे। उन्होंने बताया कि समिति सदस्यों ने मनमानी करके यज्ञ के उद्देश्य से समाज को दिग्भ्रमित करने का काम किया है। बैठक में मदन मिश्रा,अभिषेक मिश्रा,बीरेश मिश्रा, बिपिन माँझी,महेश्वर मिश्रा,अशोक मिश्रा,प्रिन्स पाण्डेय,आदित्य मिश्रा, राजू मिश्रा,अरुण मिश्रा,दिनेश साह,रामायण मिश्रा तथा नवीन तिवारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सोनपुर रेलवे स्टेडियम में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहर नाथ स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा सोनपुर रेलवे स्टेडियम में दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन रामा डिफ़ेंस एकेडमी और मैक्सवेल स्कूल के तत्वावधान में बाबा हरिहर नाथ जूनियर वॉलीबॉल का शुभारंभ किया गया ।इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। शनिवार को मैच में भरपुरा, बसंत, परसौना ने अपना अपना मैच जीत कर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया । जिसमे भरपुरा टीम बिजयी रहा। वही सोनपुर बाबा हरिहरनाथ स्पोर्ट्स क्लब सोनपुर और हरिहर क्षेत्र जन जागरण मंच बिहार के तत्वाधान में रविवार को जूनियर वालीबॉल चैंपियनशिप फाइनल मैच भरपुरा बनाम सोनपुर के बीच खेला गया। इस खेल का विधिवत शुभारंभ हरिहर क्षेत्र जन जागरण मंच के संस्थापक अनिल कुमार सिंह व महासचिव अमरनाथ तिवारी ने फीता काटकर श्री गणेश करते हुए उपस्थित सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर खेल का शुभारंभ रविवार को किया। इस खेल में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें चार टीम सेमीफाइनल में जिसमें बाबा हरिहरनाथ स्पोर्ट्स क्लब ( ए )भरपुरा वॉलीबॉल क्लब,सोनपुर वॉलीबॉल टीम (बी ) एवं मिर्जापुर बसंत वॉलीबॉल क्लब रहा। जिसमें फाइनल मैच में सोनपुर वॉलीबॉल टीम( बी )एवं भरपुर वॉलीबॉल क्लब के बीच खेला गया। विजेता टीम रहा भरपुरा वॉलीबॉल क्लब तीन एक से विजय हुई। रेफरी के रूप में सुमित कुमार सिंह एवं देवेंद्र कुमार रहे। इस खेल में संतोष कुमार सिंह बॉलीबॉल टीम कोच, सचिन कुमार,सुमित कुमार राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं सत्यम राज( राज्य वॉलीबॉल खिलाड़ी ) उदय कुमार सिंह दुधाइया एवं मनीष कुमार सहित भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। इस मौके पर अनिल सिंह,अमरनाथ तिवारी ने विजेता टीम व उप विजेता को शील्ड देकर उन्हें सम्मानित करते हुए ।

## अखंड अष्टयाम में शामिल हुए विधायक श्रीकांत यादव, पूजा-अनुष्ठान कर की मानव कल्याण की कामना

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीकांत यादव अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ एकमा प्रखंड के पचुआ गांव स्थित अखंड अष्टयाम आयोजन स्थल पहुंचे?। इस दौरान विधायक श्रीकांत यादव ने श्रद्धा भाव से पूजा-अनुष्ठान में भाग लिया और नासमस्तक होकर मानव कल्याण, सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। आयोजन स्थल पर भक्ति की धुनें, श्रद्धा का वातावरण और ग्रामीणों की आंखों में आस्था की चमक देखने को मिली।विधायक ने जनप्रतिनिधि के रूप में न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि ग्रामीणों के बीच बैठकर भावनात्मक जुड़ाव का भी परिचय दिया। उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी में बसी संस्कृति और संतों के स्वर में घुला भक्ति भाव आत्मा को शांति और मन को शक्ति देता है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से सुख-शांति और सामाजिक सौहार्द्र की कामना की।उन्होंने कहा कि धर्म जोड़ता है, संस्कृति सजाती है और सेवा जन-जन को अपनाती है।

## जमीनी विवाद में मारपीट के बाद फायरिंग, दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** थाना क्षेत्र के इंटहरी गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है,मौके पर पहुंची पुलिस ने फायरिंग की गयी गोली के खोखे भी बरामद किए है,इस मामले में दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज हुई है,पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,गिरफ्तार लोगों में बरून कुमार सिंह व रघुवंश सिंह शामिल हैं, वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है. स्थानीय थाना क्षेत्र के चनचौरा पंचायत के बनपुरा गांव में दो बच्चों की माँ के जहर खाकर हुए मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है.दाउदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी व मृतका निक्की देबी के पिता राम एकबाल सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करायी है.दर्ज प्राथमिकी में तीन लाख रूपये का मांग कर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति चंदन सिंह, सास व गोतनी को जहर खिलाकर मारने का आरोप लगाया गया है.

## पूर्व के विवाद में युवक के साथ मारपीट

**मढ़ौरा।** पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जख्मी कर दिया। घटना मिर्जापुर सरकारी स्कूल के पास की है। घटना में जख्मी युवक मढ़ौरा खूर्द निवासी रघुवंश राय का पुत्र 19 वर्षीय बिल्लू राय ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में मिर्जापुर निवासी रोहित कुमार, आदर्श कुमार, विक्की कुमार उर्फ माला बाबा, मढ़ौरा धेनुकी निवासी राहुल साह,, सत्या कुमार, मढ़ौरा गढ़देवी चौक निवासी छोटू साह, पुरानी बाजार निवासी टनटन राय को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि वह संध्या साढ़े चार बजे मिर्जापुर सरकारी स्कूल के पास पहुंचा था। तभी वहां पहले से मौजूद आरोपी उसे घेर लिए और उसे गाली देने लगे। उसके मना करने पर सभी ने उसके साथ फैट, मुक्का, लाठी, डंडा, रड से मारपीट की जिससे उसे काफी चोट लगी। बाद में आरोपियों ने उसे घर ले जाकर उस पर घातक हथियार से हमला किया। जिसमें उसका सिर कट गया और वह लहूलुहान हो गया।

## आपसी विवाद में मारपीट, महिला जख्मी

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के सेमरहिया में आपसी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में एक 50 वर्षीय महिला ज्ञान्ती देवी जख्मी हो गई। घटना को लेकर जख्मी महिला ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसी गांव के मुकेश राय, धीरज राय, ओम प्रकाश राय, धर्मनाथ राय को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि सभी एक राय होकर उसके दरवाजे पर आए और उसे गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो सभी ने फैट मुक्का, लाठी, डंडा रड से मारपीट की जिससे उसे काफी चोट लगी और वह जमीन पर गिर गई। इस दौरान मुकेश कुमार ने दाब से हमला किया जिससे उसका सिर कट गया।

## युवा ऊर्जा और सामाजिक योगदान का उत्सव बना हरिहर क्षेत्र सम्मान समारोह

### 150 प्रतिभाओं को मिला सम्मान, वक्ताओं ने कहा– समाज की असली शक्ति उसकी सेवा भावना में है

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर के सभागार में रविवार को गरीब रक्षक आर्मी के बैनर तले÷हरिहर क्षेत्र प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025÷ का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित कर समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करना रहा। समारोह में बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष विनोद सिंह सम्राट, मंदिर सचिव विजय कुमार लल्ला,जेपी सेनानी धर्मनाथ शर्मा, साहित्यकार सीताराम सिंह, डॉ. रमन किशोर, कामता सिंह, अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह एवं ई प्रभात रंजन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में गरीब रक्षक आर्मी के संयोजक ई प्रभात रंजन एवं उपाध्यक्ष कुंदन कुमार ने इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले छात्र - छात्राओं , साहित्य सेवा, पत्रकारिता एवं निजी क्षेत्र में समाज कल्याण करने वाले सैकड़ो व्यक्तियों को हरिहर क्षेत्र प्रतिभा सम्मान समारोह ÷सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर पटना एम्स के युवा चिकित्सक रमण कुमार ने कहा कि अभी तक उन्होंने बिहार में 235 निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप कर उन्होंने कहा कि अभी तक 35000 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया। यदि हम सेवा को जीवन का आधार बना लें, तो समाज में कोई भी पीछे नहीं रह सकता। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा को सेवा-भाव से कार्य करने की अपील की। साहित्यकार सीताराम सिंह ने कहा कि साहित्य के बिना सब शून्य है। जेपी सेनानी धर्मनाथ शर्मा ने ऐसे ऊर्जावान समारोह के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। हरिहरनाथ मंदिर न्यास के उपाध्यक्ष व भाजपा नेता विनोद सिंह सम्राट ने कहा कि ÷जब समाज अपने श्रेष्ठ जनों को पहचानता और सम्मानित करता है, तभी सच्चे अर्थों में विकास की नींव रखी जाती है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि एक से बढ़कर एक अनमोल रतन इस धरती ने दिया जिससे समाज अनजान है ऐसे विस्मृत व्यक्तियों को इस संस्था ने उजागर किया। उन्होंने संस्था के संयोजक को सुझाव दिया कि इस कार्यक्रम को और व्यापक विस्तार करें। उन्होंने यह भी हरिहरनाथ न्यास की मीटिंग में यह निर्णय लिया है कि दसवीं कक्षा के बाद आगे पढ़ने की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को न्यास समिति सहयोग करेगा। इस निर्णय के तहत हरिहरनाथ इंस्टीट्यूट की स्थापना होगी जिसमें ऐसे छात्र- छात्राओं को पढ़ाने के लिए व्यवस्था करेंगे।ऐसे व्यक्तियों से सहयोग मांगेंगे। उक्त इंस्टीट्यूट के लिए 50 से अधिक व्यक्तियों ने सहयोग का आश्वासन दिया है। वही क्षेत्र क़े होनहार युवा रजिस्ट्रार सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि काबिलियत उम्र की मोहताज नहीं। अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने कहा कि ÷ईमानदार प्रयास किसी भी



मंज़िल को पाना संभव बनाते हैं।÷ धर्मनाथ शर्मा ने युवाओं को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर रजिस्ट्रार सूर्य प्रताप सिंह,पटना एम्स डॉ रमण कुमार,भूमि एवं राजस्व विभाग के रौशन सिंह, पीएमसीएच के डॉ. आशीष, ओएनजीसी के रौनक सिंह, शिक्षक अमित कुमार, आनंद सिंह, चंद्रशेखर सिंह, निलेश कुमार अमित कुमार , नीलेश कुमार, मिक्की कुमारी पत्रकार विश्वनाथ सिंह, अभय सिंह,चुन्नू सिंह,अबध किशोर शर्मा, ठाकुर संग्राम सिंह,संजीत कुमार, विपिन, एस पी सिंह, छायाकार दामोदर,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश सचिव भरत सिंह,समाजसेवी अनिल सिंह,अमरनाथ तिवारी, शर्मानंद सिंह,अभाविप के आशुतोष कुमार, यशवंत,आदि को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात यशवंत कुमार के जन्मदिवस के मौके पर काटकर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी। इस आयोजन को सफल बनाने में गरीब रक्षक आर्मी के प्रभात रंजन, यशवंत कुमार सिंह, आर्यन, दीपक सिंह, हर्ष राजपूत और संगठन के उपाध्यक्ष कुंदन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी उपस्थित थे, जिससे आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

## गंगा नदी व घरो में स्नान क़े बाद लोग आज मनाएंगे सतुआनी का पर्व

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूरे राज्य भर में 14 अप्रैल यानी आज सतुआनी पर्व मनाया जाएगा। सतुआनी के मौके पर लोग पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी व सोनपुर नारायणी नदी सहित अन्य नदियों, घरो में स्नान करने क़े उपरांत घर व देवलयों में पहुंचकर पुजा अर्चना करेंगे। एक विशेष मुलकात पर लोक सेवा आश्रम क़े संत मौनी बाबा ने रविवार को बताया कि सतुआन उत्तरी भारत बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल हिस्से क़े एक प्रमुख पर्व है। यह पर्व गर्मी के आगमन का भी संकेत देता है। इस दिन सूर्य भगवान अपनी उत्तरायण की आधी परिक्रमा को पूरी कर लेते हैं। हर साल यह पर्व 14 अप्रैल को मनाया जाता है। सतुआनी क़े दिन में मकई, चना, जौ सहित अन्य प्रकार क़े सत्तु, आम का टिकोला, गुड़, बेल और मीठे फल का सेवन करते है एवं दान करते हैं। वहीं अगले दिन 15 अप्रैल को मिथिला का लोकपर्व जुड़ शीतल हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। लोग सूर्योदन से पूर्व बुजुर्गों और अपने से छोटे लोगों को ठंडा पानी देकर उसे खुश जुड रहने का आशिर्वाद देते हैं. साथ ही इस अवसर पर भगवान को भी ठंडे पानी से पूजा की जाती है. वहीं शितला माता को बासी भोजन और जल चढ़ाने का रिवाज है।जुड़ शीतल के दिन चूल्हा नहीं जलाया जाता, ताकि वातावरण के ताप को नियंत्रित रखा जा सके।मौनी बाबा ने बताया कि जुड़ शीतल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ जुड़ने और जीवन में संतुलन बनाए रखने की है।यह पर्व न केवल मानवीय जीवन में शीतलता और स्नेह का संचार करता है, बल्कि पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों की सेवा का संदेश भी देता है। वही हरिहरनाथ मंदिर क़े अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री व पवन शास्त्री, बमबम बाबा ने बताया कि सूर्य 14 अप्रैल को मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के राशि परिवर्तन करने से खरमास समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही शादी-विवाह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस बार अप्रैल से जून तक शादियां होंगी। फिर 4 महीने के ब्रेक के बाद एक नवंबर को देवोत्थान एकादशी के बाद से लग्न शुरू होंगे।कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत जरूरी है। खेल से शारीरिक,मानसिक विकास होती है। पूरे देश से लोग संगम में डुबकी लगा रहे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दिए गए बयान निंदनीय है। उक्त बातें सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मंगलवार की रात्रि सिहौता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि देश को कौन कहे, विदेशों से भी लोग पहुंचकर संगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यवस्था से विपक्ष तिलमिलाया है। इसलिए अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से प्रत्येक जिले को बड़ी सौगात मिल रही है। इससे जिलेवासी भी खुश हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में भोजन आवासन समिति कार्यरत रहेगा। जिला सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को आमंत्रण पत्र वितरण करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# परसागढ़ में भाजपा का एकमा विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** प्रखंड के परसागढ़ बाजार स्थित एक विवाह भवन के सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकमा विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई।सम्मेलन में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती चयनित स्थानों पर धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, साथ ही सामाजिक समरसता व संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति भी बनाई गई। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का विभाजन करते हुए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि क्षेत्र में पार्टी की पकड़ और अधिक मजबूत हो सके।कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक सुझाव दिए और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया।सम्मेलन को भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजेश कुमार सिंह रमण, छपरा पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, हेम नारायण सिंह, एकमा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार मिश्रा, एकमा नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश, मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे, लहलादपुर मंडल अध्यक्ष अजय राय, भाजपा नेता राजन तिवारी, पूर्व जिला पार्षद रुपेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बलवंत सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चितरंजन सिंह, कृष्णा नंद पांडेय, पवन कुमार, संजीत मिश्रा, सोनू सिंह, प्रहलाद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अरविन्द सिंह अंतिम, वीरेश सिंह, समेत अन्य कई



नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने व बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन के अंत में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से उसे सफल बनाने की अपील की गई।

## श्रीराम कथा के अंतिम दिन की श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी नगर पंचायत के कुँवर टोली में श्री राम दरबार सेवा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन की कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी।कथा व्यास आचार्य रविरंजन तेजस्वी ने अंतिम दिन की कथा में सबरी मिलन,लंका दहन,राम- रावण युद्ध,तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का विशद वर्णन किया। उन्हीने बताया कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है तथा आदर्श,सेवा भाव, त्याग व बलिदान की सीख देती है। इस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठन शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। समापन आरती पर पूरा कथा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा की बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता है। अंतत अधर्म पर धर्म की जीत होती है। भगवान श्रीराम ने सत्य को स्थापित करने के लिए रावण का वध किया। राम कथा भक्त को भगवान से जोड़ने की कथा है। भगवान की कथा हमें बताती है कि संकट में भी सत्य से विमुख न हो व अपने वचन का पालन करें। ई.सौरभ सन्नी ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता-पिता की सेवा,गुरु जन का सम्मान,गौ माता का वास तथा ईश्वर का स्मरण जिस घर परिवार में होता है वह स्वर्ग के समान है। कथा के दौरान रामायण पूजन व आरती के बाद भक्तजनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा पश्चिमी के जिलाध्यक्ष विश्वमोहन सिंह,हेमनारायण सिंह,मनोज प्रसाद, आचार्य रविशंकर तेजस्वी,मोहन शर्मा,संत रामप्रिय दास,नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह,पूजा शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।उधर हनुमत जयंती के अवसर पर माँझी थाना के सामने स्थित संकट मोचन मन्दिर परिसर में गायक दिवाकर सिंह की टीम द्वारा सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ आयोजित किया गया। समापन के मौके पर भजन कीर्तन आदि भी प्रस्तुत किया गया। इससे पहले संयोजक संजीव वर्णवाल तथा आशुतोष गोस्वामी द्वारा ध्वजारोहण एवम विधिवत कथा पूजन आयोजित किया गया। मौके पर मन्दिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगाकर लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## उदयशंकर सिंह ने प्रशांत किशोर से मुलाकात कर जनसुराज की रणनीति पर की चर्चा

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** जन सुराज पार्टी के वरीय नेता उदयशंकर सिंह ने रविवार को पटना स्थित प्रशांत किशोर के कार्यालय में भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ/बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बिहार की वर्तमान राजनीतिक स्थिति व आगामी चुनावों को लेकर जनसुराज की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई।उदयशंकर सिंह ने कहा कि जनसुराज गांधी जी के विचारों से प्रेरित एक आंदोलन है, जो बिहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रशांत किशोर को बिहार की राजनीति का उभरता हुआ सितारा बताते हुए कहा कि वे बीते दो वर्षों से अधिक समय से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को उठाने के लिए 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में एक रैली आयोजित की गई थी, जो सरकार को नागवार गुजरी। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य की जनता मौजूदा शासन से परेशान है और अब बदलाव की इच्छुक है।

उल्लेखनीय है कि जन सुराज के वरीय नेता व कौरु धौरु पंचायत के मुखिया पति उदय शंकर सिंह मांझी विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूत व संभावित प्रत्याशी भी हैं।



## अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन 20 को, जुटेंगे देश-विदेश के कवि व शायर

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** आगामी 20 अप्रैल को छपरा शहर स्थित भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में कलाद्वीप फाऊडेशन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन होने जा रहा है।कलाद्वीप फाउंडेशन के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा में आगामी 20 अप्रैल को देश और विदेश के कवि व नामचीज कलाकार अपनी जलवा बिखेरेंगे।रविवार को सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह आयोजन बिहार व छपरा के लिए बहुत गौरवान्वित होने वाला आयोजन है। जिसमे देश के जाने-माने मुंबई की लोकगायिका डॉ नीतू कुमार नूतन, नेपाल उर्दू एकेडमी के अध्यक्ष डॉ इम्तियाज वफा शामिल हो रहे है।वहीं अंतर्राष्ट्रीय कलाद्वीप फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक प्रखर पुंज ने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन 20 अप्रैल को तीन सत्र में होगा। जिसमें पहले सत्र में स्थानीय कलाकार रामप्रकाश मिश्रा व रामेश्वर गोप के द्वारा क्षेत्रीय कला का प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन होगा। जहां देश-विदेश से आए हुए कवि एवं शायर अपना कविता व शायरी प्रस्तुत करेंगे। वहीं तीसरे सत्र में टॉक शो का आयोजन होगा। जिसमें शिक्षा, संस्कृति एवं संस्कार पर एक्सपर्ट द्वारा विस्तृत चर्चा किया जाएगा।प्रेस कांफ्रेंस में कलाद्वीप फाउंडेशन सदस्य डॉ सीमा सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, डॉ पार्थ सारथी गौतम, संजीव चौधरी, सोमेश राय, अभियान श्रीवास्तव, चंदन सिंह, विजय मिश्रा, शंकर सिंह, सीए अमित कुमार, डॉ शहजाद आलम, ट्विंकल सौरव, प्रियंका कुमारी, अंजली सिंह, खुशबू ठाकुर, मनोज कुमार (मुखिया), प्रणव सिंह, अमन राज आदि शामिल रहे।

## घर जा रहे हार्डवेयर व्यवसायी को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**मकेर(सारण)।** हार्डवेयर दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे इसी दरम्यान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें रौदते हुए कुचल डाला जहाँ उन्ही मौत हो गई । हार्डवेयर दुकानदार चांद ठहरा ग्राम निवासी श्याम किशोर सिंह उम्र 42 वर्ष पिता का नाम अवधेश सिंह है ।घटना नई थाना भवन निर्माण हो रहा है वही हुई है ।घटना की जानकारी प्राप्त होते ही परिजन पहुँच गए और सड़क अवरुद्ध कर नारेबाज़ी कर रहे हैं ।मृतक का एक पुत्र है जिसकी उम्र 10 वर्ष है जबकि पुत्री 8 वर्ष की है ।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विकाश कुमार सिंह , संजीत राय छोटन कुमार सिंह ,सुचिन्द्र सिंह मिथलेश सिंह पहुँच कर परिजनों को समझा बुझा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला भेज दिया गया एवं दो हफ्ते के अंदर यहां। 500 मीटर के रेडियस में यह तीसरी घटना है वही लगातार घटना होने से ग्रामीण घटना ढांढस बंधा रहे हैं,।पुलिस मोके पर पहुँच कर यातायात बहाल करने की कोशिश कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए मना रहे हैं ।समाचार प्रेषण तक ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर मुख्य सड़क को अवरुद्ध किए हुए हैं ।घर जाने के क्रम में ये हादसा हो गयी जिससे लोग क्षुब्ध होकर घण्टो सड़क जाम कर दिया था ।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जगह हमेशा दुर्घटना होते रहती हैं यहाँ स्पीड ब्रेकर की जरूरत है ।बहरहाल श्याम किशोर सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया एवम ग्रामीण आहत हैं । बिनटोली पूरबपट्टी गांव में बकरी चराने को लेकर बुधवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। उसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान रामधनी प्रसाद, चिंता देवी, हंस कुमार, करीना कुमारी, नीरज कुमार व एक अन्य शामिल है। घटना के संबंध में घायल चिंता देवी ने बताया कि घर के बगल में एक व्यक्ति का खेत है। उस व्यक्ति ने बकरी चराने का आरोप लगाया। इसके बाद वे लोग गाली गलौज करने लगे और मारपीट को उतारू हो गए।

## अखण्ड अष्टयाम को ले निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**अमनौर प्रखण्ड के सोनहो में अखण्ड अष्टयाम को ले भब्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर सोनहो बाजार होते हुए खेलावन बाबा के पास पहुंचीं जहां आचार्य संजय तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र गंगाजल भरी गई।बैंड बाजे व घोड़े के साथ निकाली गई भब्य कलश यहां में सैकड़ों नर-नारियां व महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर जय श्रीराम की जयघोष कर रही थी।जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कलश यात्रा में मनोरम झांकी भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था।कलश यात्रा में अशर्फी साह,योगेंद्र साह,दीपक कुमार साह,रामजी साह,मुन्ना साह,अखिलेश कुमार,मुकेश कुमार,बृजमोहन साह आदि शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान, आज जयंती पर होगा कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा ।** भारतरत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती के पूर्व मढ़ौरा नगर स्थित अंबेडकर पार्क में बीजेपी ने स्वच्छता अभियान चलाया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई के साथ स्मारक परिसर की भी सफाई की। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा बाबा साहब की जयंती विशेष है। बाबा साहब ने समाज के उत्थान के लिए और वंचित समाज के लिए जो कुछ किया है उसे भुलाया नही जा सकता है। समाज के सभी वर्ग के लिए बाबा साहब के योगदान महत्वपूर्ण है। साफ सफाई और स्वच्छता अभियान में नगर मंडल अध्यक्ष राकेश उजाला, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अम्बिका मांझी,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, सिकंदर राय, मिंटू सिंह, संतरा देवी, भागीरथी देवी, निशा देवी, मुन्नी देवी, लालसा देवी, अनीता देवी, एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला को शांत कराया। लेकिन बुधवार की सुबह मेरा पुत्र हंस कुमार गाय का गोबर फेंकने के लिए उनके घर की तरफ गया तो उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इसकी सूचना उसने स्वजनों को दी। जब हमलोग पूछताछ के लिए गए तो उन लोगों द्वारा एक साजिश के तहत मारपीट कर आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। पकड़ मजबूत करने और पार्टी उम्मीदवारों को जनता का समर्थन परखने के लिए निकला है। श्री मिश्रा ने कहा की बड़ी समस्याएं हैं।

## मैट्रिक, इंटर व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को किया गया सम्मानित

### कोठियां जेठहंस स्थित जेएमएस कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह

**दैनिक खोज खबर/गरखा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के कोठियां जेठहंस स्थित जेएमएस कोचिंग सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में मैट्रिक, इंटर व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कोचिंग संचालक मनु कुमार की ओर से छात्रों को मेडल, कप एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।मैट्रिक परीक्षा में हिमांशु कुमार ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं मुस्कान कुमारी, सुधीर कुमार, गोलू कुमार, स्वाती कुमारी, रियांशु कुमार, रूबी कुमारी, मुन्ना कुमार और गुड़िया कुमारी ने भी शानदार प्रदर्शन कर कोचिंग का नाम रौशन किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में आकाश कुमार ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विशाल कुमार, श्रुति कुमारी, सोनू कुमार, अभिमन्यु कुमार, अंशु कुमार, अमरेश कुमार, आदित्य कुमार, आज़ाद कुमार एवं प्रभाष कुमार को भी मेडल व कप देकर सम्मानित किया गया।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विवेक कुमार को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर वैघनाथ कुमार और तृतीय स्थान पर आकाश कुमार रहे। आशीका कुमारी और सोनी कुमारी को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता श्रीनिवास सिंह एवं कोचिंग के संरक्षक व मौजमपुर के सरपंच आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से की।कार्यक्रम में भाजपा नेता अजय मांझी, धनंजय सिंह, बालेश्वर सिंह, राम विनोद उपाध्याय, राम विनोद प्रभाकर, जयप्रकाश महतो, जयप्रकाश सिंह, अवधेश कुमार, देवेश उपाध्याय, गजेंद्र सिंह, धनंजय राय, अभिषेक कुमार, राम बाबू राम, शिवकुमार, भरत सिंह और धरणीधर उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अंतर्गत जिले में 15 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो गई है। वहीं परीक्षा के दौरान वीक्षण कार्य में सहयोग नहीं करने वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया गया है। इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी किया है।

## नाबालिक का शादी की नियत से अपहरण

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से घर से शौच के लिए निकली एक 17 वर्षीय किशोरी घर से गायब हो गई। घटना को लेकर किशोरी की मां ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक ने पीड़ित मां ने बहुआरापट्टी निवासी रवि साह, पूजा देवी, गोपाल साह को आरोपित किया है । आरोपित पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर शादी की नीयत से अपहरण कर लेने का आरोप लगाया है।

## बच्चों के विवाद में मारपीट ,वृद्ध महिला जख्मी

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के नौतन में बच्चों के विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में एक महिला 75 वर्षीय महिला शांति कुंवर जख्मी हो गी। घटना को लेकर जख्मी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकि में अभिषेक कुमार, सीटू कुमार, पुष्पा देवी, जूही कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि उसके घर के बच्चे दूध लाने जा रहे थे। इसी बीच उनके रोने की आवाज पर जब वह घर से बाहर निकली तो उनके घर के बच्चों को अभिषेक कुमार और बिट्टू और सीटू कुमार पीट रहे थे। जब वह पूछने गई तो सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट किया और उसे जख्मी कर दिया। इस दौरान उसे बचाने जब उसकी गोतनी लालसा देवी पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसे जख्मी कर दिया।

## भाकपा कल सोमवार को बाबा साहब की जयंती आयोजित करेगी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारतीय संविधान के अमर शिल्पकार बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती का आयोजन मढ़ौरा भाकपा द्वारा कल सोमवार को मुबारकपुर में किया जाएगा । पार्टी के अंचल सचिव संजय कुमार सिंह ने इसकी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस जयंती समारोह को शिक्षक नेता चूल्हन प्रसाद सिंह, वरीय अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, जिला सचिव रामबाबू सिंह एवं प्रो भूपेश भीम संबोधित करेंगे । जयंती स्थल उदय मांझी के आवास के पास है जिसे झंडा , बैनर एवं फेस्टून से सजाया जा रहा है । जयंती के पूर्व प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो भ्रमण करते समारोह स्थल पर आएगी और कार्यक्रम प्रारंभ होगा ।

## मशरक में नव दिवसीय सीताराम नाम महायज्ञ के प्रवचन में उमड़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर सूर्य मंदिर के प्रांगण में आयोजित 9 दिवसीय सीताराम नाम जप महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।यज्ञ संचालक श्री श्री 1008 श्री श्याम शंकर जी महाराज ने कहा कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक यूपी के अयोध्या व मथुरा, बनारस, प्रयागराज से आए श्री राम कथा वाचक के द्वारा श्री राम कथा सुनाया जा रहा है पश्चात् सुप्रसिद्ध रामलीला मंडली के द्वारा राम लीला का मंचन किया जा रहा है। प्रवचन कथा पंडाल में सुप्रसिद्ध कथा वाचक गीता गायत्री त्रिवेदी के मुख से श्री राम कथा व भजन सुनकर सभी भक्त भगवान श्री राम के ध्यान में मग्न हो कर झूम उठ रहे हैं। पूरा वातावरण श्री राम मय प्रतित हो रहा है। प्रवचन कर्ता ने श्री राम के नाम की महिमा का वर्णन किया गया। इस अवसर पर रामचरित मानस के दोहे कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरा ही पारा, के अर्थ को बताते हुए कहा कि गोस्वामीजी ने कहा है कि कलयुग में केवल श्रीराम के नाम से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इसलिए इस कलयुग में श्री राम का नाम की महिमा अपार है इसके जाप से ही मनुष्य अपनी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## छेड़खानी के आरोप में देवढ़िया निवासी आरोपी गिरफ्तार , भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने देवढ़िया गांव निवासी अरविंद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने एकमा थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि अरविंद यादव आए दिन उसका पीछा करता है और अश्लील हरकतें करता है। महिला ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी उसे धमकी भी देता था।आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और अरविंद यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## लड़की भगाने के मामले में शेखपुरा से युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** शेखपुरा बिंद टोली, पटना से लड़की भगाने के आरोप में पुलिस ने शेखपुरा बिंद टोली निवासी प्रकाश राज, (पिता अखिलेश बिंद) को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार एकमा थाना क्षेत्र की एक युवती अपने परिवार के साथ शेखपुरा, पटना में रहती थी। वर्ष 2024 में युवती के परिजनों ने एकमा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रकाश राज ने बहला-फुसलाकर उनकी बेटी को भगा लिया है।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश राज की भूमिका की पुष्टि की। काफी समय से फरार चल रहे आरोपी को एकमा पुलिस ने विशेष छापेमारी कर पटना के शेखपुरा बिंद टोली से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया है कि पुलिस ने इसके पूर्व अपहृत लड़की को बरामद कर न्यायालय में उसका बयान दर्ज कराने के बाद पर परिजनों को सौंप दिया था। लेकिन आरोपित युवक फरार चल रहा था।

## हनुमान जयंती पर संकट मोचन मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन कीर्तन

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** हनुमान जयंती के अवसर पर मांझी थाना के सामने स्थित संकट मोचन मंदिर में गायक दिवाकर सिंह की टीम द्वारा सस्वर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन से पहले संयोजक संजीव वर्णवाल एवं आशुतोष गोस्वामी द्वारा ध्वजारोहण और विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्रों का हुआ मिलन, साझा की गईं पुरानी स्मृतियां

**दैनिक खोज खबर/, छपरा/मांझी (सारण)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शिवा जी नगर, मांझी में रविवार को प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी एवं पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की भूमिका रखी, जबकि अध्यक्ष पृथ्वीनाथ ओझा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को साझा किया। उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से स्कूल के योगदान को रेखांकित किया।पूर्व छात्रों ने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए बताया कि विद्यालय ने उन्हें अनुशासन और संगठन का महत्व सिखाया। पूर्व छात्र अर्जुन आनंद ने अपने 20 वर्ष पुराने छात्र जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि आचार्यों का भय उस समय कष्टदायक लगता था, परंतु आज वही अनुशासन सफलता का आधार बना है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य, पूर्व आचार्य अरविन्द पाण्डेय, बिनोद गुप्ता, मनोज प्रसाद, अमिताभ ओझा, ममता कुमारी, जगमोहन चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## डा. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस पर सोनम शर्मा व करण निगम का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के भलुआ स्थित बीएसबी आंबेडकर महाविद्यालय में रविवार को प्राचार्य सह सचिव प्रो. ई. आलोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस समारोह पर विविध कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। प्राचार्य ने बताया कि बाबा आंबेडकर साहब के चित्र पर माल्यार्पण के बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात भोजपुरी के सुपर स्टार सोनम शर्मा और करण निगम का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसका आनंद लोग उठा सकेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सहयोग सराहनीय है। इस मौके पर प्रो. रामबदन यादव, प्रो. राजेंद्र रावत, प्रो. राजेश राम, प्रो. नजहत फातमा, प्रो. परमेश्वर राम, प्रो. महेश राम, प्रो. नीलकांत सिंह निराला, प्रो. संजय कुमार यादव, शशिकांत मिश्रा, प्रो पिंटू कुमार यादव समेत कालेज परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नाबालिग के अपहरण मामले में सात के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** = थाना क्षेत्र के एक गांव से 31 मार्च को एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में अपहृता के पिता ने नौ अप्रैल को थाना में आवेदन देकर बघौनी निवासी रितेश कुमार सहित उसके माता- पिता एवं चार बहनों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। अपहृता के पिता ने आरोप लगाया है कि इस घटना में रितेश कुमार का पूरा परिवार सम्मिलित है तथा लड़के की दो विवाहित बहने नवलपुर में अपने घर में छुपाकर रखती हैं। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## वज्रपात से मृतक के आश्रितों को मिला चार-चार लाख का चेक

**दारौंदा (सिवान)** प्रखंड के अलग -अलग गांवों में 10 अप्रैल को वज्रपात होने से एक महिला दो लोगों की मौत हो गई थी। सीओ पूनम दीक्षित ने इसकी सूचना आपदा विभाग को दी थी। इसके बाद शनिवार को सीओ ने आपदा विभाग से मृतक रुकुंदीपुर पंचायत के धनौता निवासी राजू कुमार एवं शेरही पंचायत के उस्ती निवासी लवंगी देवी के आश्रित को चार-चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

## दुकान में पर्स चुराती महिला का सीसी कैमरा में कैद

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एक साइबर कैफे किसी काम से आई एक युवती का पर्स एक महिला द्वारा चोरी कर ली गई। इसका वीडियो सीसी कैमरे में कैद हो गया है। वहीं पर्स चोरी करने का वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि महिला किस तरह से पर्स चोरी कर लेकर भाग गई है। बताया जाता युवती हुजहुजीपुर निवासी उमेश पाठक की पुत्री रोशनी कुमारी है जो किसी काम से साइबर कैफे में गई हुई थी। उसी दौरान एक महिला दुकान में किसी काम का बहाना आई और उसका पर्स चोरी कर ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हरदोबारा पंचायत के तिलसंडी 512 के चंवर स्थित एक तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान तिलसंडी 512 निवासी जयप्रकाश साह के पुत्र कृष्णा कुमार ( 13 ) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कृष्ण कुमार रविवार को अपने साथियों के साथ चंवर स्थित तालाब में स्नान करने तथा सेल्फी लेने गया था। इस दौरान तेज आंधी पानी आने के बाद वह तालाब में कूदने के के बाद कीचड़ में धंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।उसके साथियों ने घटना की सूचना उसके स्वजन एवं ग्रामीणों को दी। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या ग्रामीण वहां पहुंच उसके शव को तालाब से बाहर निकाला। उसके बाद स्वजन शव को बिना पुलिस को सूचना दिए दाह संस्कार में जुट गए। इस घटना के बाद गांव में शोक व्याप्त है।

## छह कार्टन शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

**हसनपुरा (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने लहेजी गांव में शनिवार की रात पुलिस ने गश्त के दौरान छह कार्टन अथवा 51 लीटर शराब बरामद की। साथ ही मौके पर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुअनि लव पासवान ने बताया कि लहेजी गांव में गश्त के दौरान शराब बिक्री की सूचना मिली थी तभी वहां छापेमारी की गई। इस दौरान छह कार्टन शराब के साथ तस्कर राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा तस्कर प्रदीप कुमार भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई के बाद रविवार को जेल भेज दिया गया जबकि फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सुनील ठाकुर बने 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड 20 सूत्री कमेटी के गठन को लेकर वर्षों से मांग उठ रही थी। सरकार द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग एवं विकास की कड़ी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड 20 सूत्री कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में सहसरांव निवासी भगवानपुर बाजार में सैलून चलाने वाला एक साधारण युवक को कार्यान्वयन समिति का सदस्य बनाया है। सुनील ठाकुर काफी दिनों से भाजपा से जुड़े हुए हैं तथा वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों में विश्वास रखते हैं। सुनील ठाकुर ने 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति का सदस्य नामित करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, भाजपा सिवान पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कमजोर वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने वाली पार्टी है। इसका उदाहरण उनको कार्यान्वयन समिति का सदस्य बनाए जाना है। उन्होंने कहा कि प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति क्षेत्र की जनता के प्रति जिम्मवार होगी। सरकार की सभी योजनाएं गुणवत्ता पूर्ण धरातल पर उतरा जाएगा। ज्ञात हो कि इस समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा 13 सदस्य नामित किए गए हैं।

## झोपड़ी में दबकर दो घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भागर गांव में रविवार को आंधी में झोपड़ी गिरने से दो युवक घायल हो गए। घायलों में मिथिलेश राय के पुत्र शिवम कुमार व विशैसर राय का पुत्र उपेंद्र कुमार राय शामिल है। दोनों घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## हसनपुरा में डा. आंबेडकर का जन्म दिवस की तैयारी पूरी

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न जगहों पर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डा. बीआर आंबेडकर का जन्म दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर विभिन्न विद्यालय समेत अन्य संगठनों में तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं स्तरीय बहुजन एकता मंच द्वारा बाबा आंबेडकर साहब का जन्म दिवस 16 अप्रैल को मनाने की तैयारी चल रही है। इस मौके पर प्रखंड स्तर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा प्रखंड मुख्यालय से आरंभ होकर हसनपुरा बस स्टैंड, अरंडा, गोला बाजार होते हुए कालीस्थान, मदरसा गौसिया होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। यह कार्यक्रम सुबह आठ बजे से शाम बजे शाम तक चलेगा। एकता मंच के त्रिलोकीनाथ राम, विजय कुमार दास, सत्येंद्र कुमार, ललन राम, भोला राम, कन्हैया राम, शिवकुमार राम आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि लोगों को बाबा साहब के उपदेशों के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया है। इन कमेटी सदस्यों में नंदलाल राम, जितेंद्र मांझी, संजीत कुमार, उमेश कुमार, शैलेंद्र कुमार व श्याम लाल आदि शामिल हैं।

**डॉ. आंबेडकर जयंती पर विशेष-**

# ज्ञान प्राप्त किए बिना सत्ता नहीं मिलेगी, इस विचार पर डॉ. भीमराव सारी उम्र दृढ़ रहे



नीरज कुमार।

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) आंबेडकर का जन्म समाज के अत्यंत दबे हुए वर्ग में हुआ। उनके मन में ज्ञान की तीव्र लालसा और अन्याय के प्रतिकार की प्रबल इच्छा थी। उन्होंने यश के अनेक शिखर जीते और अपने उदाहरण में उन्होंने गुणवत्ता के बजाय जन्म, वर्ण और जाति की श्रेष्ठता की मान्यताओं को ध्वस्त किया। रामजी आंबेडकर की वे 14वीं और अंतिम संतान थे। उनकी महार जाति के लोगों को सेना में भर्ती करने की नीति अंग्रेजों ने अपनाई थी जिससे आंबेडकर जी के पूर्वजों को सेना में प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा नौकरी करने का मौका मिला। सन् 1892 में यह भर्ती अचानक बंद हो गई। उस समय आंबेडकर एक साल के थे। उनके पिता सूबेदार मेजर के पद तक पहुंचे थे। जिस वर्ष आंबेडकर का जन्म हुआ, उस वर्ष वे सेवानिवृत हुए। शिक्षा प्राप्त करने में आंबेडकर को बहुत अपमान सहना पड़ा, लेकिन वे अपने संकल्प से डिगे नहीं। सन् 1907 में उन्होंने मैट्रिक पास किया।

**आंबेडकर ने अपने स्कूल जीवन के कष्टों का विवरण अपने संस्मरणों में इस प्रकार किया है:** ÷मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन वह छुआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की अनुमति नहीं थी । मैंने मास्टर जी से कहा कि मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने



नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता। घर जाकर ही प्यास बुझती।÷ इन सब बाधाओं को पार कर आंबेडकर ने एकाग्र मन से अपनी शिक्षा पूरी की। उनके मन में यह विश्वास था कि शिक्षा से ही दलित वर्गों तथा अन्य पिछड़े वर्गों को अवसर मिलेगा और उनकी प्रगति के द्वार खुलेंगे। ज्ञान प्राप्त किए बिना सत्ता नहीं मिलेगी, इस विचार पर वे सारी उम्र दृढ़ रहे।

आंबेडकर के विचार और कृतित्व को समझने के लिए उनकी परस्पर विरोधी प्रेरणाओं को लक्ष्य में रखना होगा। एक तरफ उन्हें सामाजिक विषमता और अन्याय के खिलाफ लड़ना था । दूसरी तरफ वे सच्चे अर्थों में भारतीय थे। हिंदू - समाज से उन्हें तथा उनकी जाति को केवल उपेक्षा मिली थी, किन्तु इसके बावजूद नाजुक क्षणों में उनका देश प्रेम अप्रत्याशित रूप से प्रकट हो जाता था। उनकी दो इच्छाएं थीं, भारत महान बने और सामाजिक अन्याय समाप्त हो। इन दो इच्छाओं के बीच एक सतत एवं सर्जनात्मक तनाव उनमें दिखाई देता था। साइमन कमीशन के समक्ष बयान हो अथवा गोलमेज सम्मेलन में भाषण अनुसूचित जातियों को विशेष प्रतिनिधित्व देने के सवाल को छोड़कर और किसी भी सवाल पर आंबेडकर का राष्ट्र प्रेम किसी भी बड़े देशभक्त नेता से कम नहीं था। अंग्रेजों की दोषपूर्ण संघ राज्य योजना के वे विरुद्ध थे और चाहते थे कि केंद्र में सत्ता - हस्तांतरण हो और भारतीय रियासतों के प्रशासन का लोकतांत्रीकरण किया जाए। 4 अप्रैल, 1938 में कर्नाटक के लिए अलग प्रांत के निर्माण के प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने बंबई विधानसभा में क्षेत्रवाद और प्रांतवाद को संकुचित धारणाओं की कटु निंदा की और इस बात पर जोड़ दिया कि हम सब भारतीय हैं, इस भावना का निर्माण हमारा लक्ष्य होना चाहिए-÷मुझे अच्छा नहीं लगता जब कुछ लोग कहते हैं कि हम पहले भारतीय हैं और बाद में हिंदू अथवा मुसलमान। मुझे यह स्वीकार नहीं है। धर्म, संस्कृति, भाषा आदि की प्रतिस्पर्धी निष्ठा के रहते हुए भारतीयता के प्रति निष्ठा नहीं पनप सकती। मैं चाहता हूं कि लोग पहले भी भारतीय हों और अंत तक भारतीय रहें, भारतीय के अलावा कुछ नहीं।÷ आंबेडकर के अंतःकरण से ये शब्द निकले थे, जिनको बड़े - बड़े राष्ट्रवादियों में पाना कठिन है तथा यह उनकी राष्ट्रीय निष्ठा की अभिव्यक्ति थी।

## बक्सर ने देवरिया को हराकर विजेता ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**मैरवा(सिवान)।** प्रखंड के लक्ष्मीपुर स्थित आरएलबीएसए खेल मैदान में रविवार को एक दिवसीय युवा खिलाड़ी खेल कौशल प्रशिक्षण सह नेतृत्व क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें बक्सर, देवरिया और सिवान जिले की चार हाकी टीम शामिल हुई। %%%% युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोबाइल नहीं खेल का मैदान चाहिए %%%% पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसके बाद मैच का आयोजन कराया गया। सिवान और रवींद्र शाही स्टेडियम देवरिया के बीच हाकी मैच खेला गया, इसमें देवरिया की टीम ने सिवान को 2-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच बक्सर और गवर्नमेंट इंटर कालेज देवरिया के बीच खेला गया। इसमें बक्सर ने देवरिया इंटर कालेज को 6-2 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल का कड़ा मुकाबला देवरिया स्टेडियम एवं बक्सर के बीच खेला गया। इसमें बक्सर की टीम ने देवरिया की टीम को 4-2 के अंतर से हरा कर विजेता ट्राफी अपने नाम किया। कार्यक्रम का संचालन आरएलबीएसए फाउंडेशन के निदेशक संजय पाठक ने किया जबकि खेल कौशल का प्रशिक्षण एनआइएस कोच रंजीत लकड़ा ने दिया। रंजीत लकड़ा ने कहा कि ऐसे देख जा रहा है कि युवा मोबाइल में रील बनाने, देखने और इंटरनेट मीडिया पर अपना अधिकांश समय व्यतीत कर रहे हैं। उन्हें मैदान में लाकर किसी भी खेल से जोड़ते हुए उन्हें शारीरिक रूप से तंदुरुस्त बनाया जाए। प्रयास हो कि नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए युवा अपना निर्णय खुद कर सकें उचित और अनुचित में अंतर कर सकें। समाज को सही दिशा दे सके। इसका प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी खुशबू कुमारी स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमा खातून, एनआइएस कोच विवेक कुमार सिंह ने प्रदान किया। विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी के निदेशक संजय पाठक ने प्रदान किया। उपविजेता टीम को प्रशिक्षक रंजीत लकड़ा ने ट्राफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया।

## पेड़ से दबने से बालक की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**बसंतपुर (सिवान)** = थाना क्षेत्र के समरदह में रविवार को आई तेज आंधी-पानी में पुराना पाकड़ का पेड़ गिरने से एक बालक घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन घायल बालक को सदर अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान समरदह निवासी सूरज कुमार का पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि बालक प्रिंस कुमार अपने घर के पास कुछ बच्चों के साथ झोपड़ी में बैठा था, तभी तेज आंधी-पानी आने से वह बाहर निकला तभी पाकड़ का पेड़ गिरने से वह दब गया। स्वजन उसे घायलावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व अंचलाधिकारी मौके पर पहुंचे घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी जहां स्वजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। सीओ अजमत अली अंसारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सरकार द्वारा मुआवजा राशि मुहैया कराए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट तैयार का जिला मुख्यालय को भेज दी गई है।

## बर्तन दुकान का शटर तोड़ हजारों की चोरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के कसेरा टोली स्थित एक बर्तन दुकान का शटर तोड़ अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात हजारों रुपये की सामान की चोरी कर ली है। चोरी की जानकारी दुकान मालिक को रविवार की सुबह हुई। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। मामले में पीड़ित दुकान मालिक पप्पू कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात्रि भी हम लोग दुकान बंद कर अपने घर चले गए। सुबह सूचना मिली की आपके दुकान का शटर टूटा हुआ है। इसके बाद हम लोग दुकान पर पहुंचे देखा की शटर तोड़कर उसे उठा दिया गया है। जब अंदर प्रवेश किया गया तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। वही पीड़ित ने बताया कि चोरों ने पीतल और एल्युमीनियम का तकरीबन 40 से 50 हजार रुपये की बर्तन की चोरी की है। हम लोगों ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी करने के लिए आवेदन दिया है।

# धर्मेंद्र कुमार साह के नेतृत्व में हज़ारों कार्यकर्ताओं ने बंशी चाचा शहादत समारोह में लिया भाग

### कानू समाज की एकता और अधिकारों के लिए उठी बुलंद आवाज़, पटना में जुटा जनसैलाब

**दैनिक खोज खबर/पटना।** छपरा से हज़ारों कार्यकर्ताओं के साथ कानू महासभा के जिला महासचिव धर्मेंद्र कुमार साह ने पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित बंशी चाचा सहादत समारोह में भाग लिया। यह समारोह कानू हलवाई समाज की एकता और अधिकारों के समर्थन में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य भर से हजारों की संख्या में समाज के लोग और नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में बंशी चाचा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को याद किया गया।धर्मेंद्र कुमार साह ने अपने संबोधन में कहा कि बंशी चाचा न सिर्फ कानू समाज बल्कि पूरे राज्य के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक हैं। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कानू समाज लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है, लेकिन अब यह समाज जाग गया है और अपने हक के लिए सड़कों पर उतर चुका है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि समाज को राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी बंशी चाचा के बलिदान को याद करते हुए उनकी शहादत को सलाम किया। यह समारोह न केवल एक श्रद्धांजलि सभा था, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन की शुरुआत का संकेत भी था। धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि कानू समाज की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और समाज को उसका हक दिलाने के लिए वे हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे।समारोह में बिहार के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि कानू समाज अब अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर सजग हो चुका है। मंच से नेताओं ने एक स्वर में यह मांग की कि सरकार कानू समाज की जनसंख्या के अनुसार उन्हें आरक्षण और प्रतिनिधित्व दे। धर्मेंद्र कुमार साह की उपस्थिति ने इस समारोह को राजनीतिक दृष्टि से और भी अहम बना दिया। साथ में मुख्यरूप से कानू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर विद्यार्थी सोनपुर प्रमुख प्रतिनिधि पशुपति साह कानू महासभा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार संतोष कुमार डीओ अनिल कुमार गुप्ता सोहन कुमार गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता पवन कुमार गुप्ता ददन प्रसाद सुरेश साह मुखिया नागेंद्र साह पूर्व मुखिया मोहन गुप्ता संजीत कुमार शिलानाथ साह जयमंगल साह शिक्षक अजय प्रसाद ललन प्रसाद संतलाल साह राजनारायण साह अजीत गुप्ता कन्हैया प्रसाद शशि प्रसाद पूर्व जिला पार्षद जयप्रकाश साह सुनील कुमार डा दिनेश कुमार धीरज साह थे।

## सदर अस्पताल में पीडिया संकाय में डीएनबी कोर्स की पढ़ाई के लिए मिली स्वीकृति

**परवेज अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल के पीडिया संकाय में नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली द्वारा दो सीटों पर डीएनबी कोर्स की पढ़ाई के लिए स्वीकृति मिल गई है। शनिवार को सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने एनबीईएमएस के समझौते पर हस्ताक्षर किया। सिविल सर्जन ने बताया कि 2025-27 सत्र के लिए अगस्त एवं सितंबर महीने में नामांकन की प्रकिया पूरी हो जाएगी। बताया कि सदर अस्पताल में डिप्लोमा के समकक्ष डिप्लोमेट आफ नेशनल बोर्ड ( डीएनबी ) कोर्स की पढ़ाई शुरू करने के लिए सितंबर 2024 में पटना मेडिकल कालेज के शिशु रोग विभाग के प्रो. डा. अनिल तिवारी ने सदर अस्पताल के शिशु रोग विभाग का मूल्यांकन किया था। मूल्यांकन के बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट नेशनल बोर्ड एग्जामिनेशन नई दिल्ली को भेजी थी। मूल्यांकन में सही पाए जाने पर एनबीईएमएस द्वारा सदर अस्पताल के पीडिया संकाय में डीएनबी कोर्स की अनुमति दी गई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार प्रभाकर सिंहा ने बताया कि सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद एवं अधीक्षक डा. अनिल कुमार के प्रयास से यह सफलता मिली है। यह स्वास्थ्य विभाग एवं आम जनता के लिए बड़े ही हर्ष की बात है। सदर अस्पताल के अधीक्षक ने बताया की शिशु रोग विभाग में डीएनबी कोर्स के लिए डा. उमेश कुमार एवं डा. पंकज कुमार को फैकल्टी मेंबर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मान्यता मिल जाने के बाद शिशु रोग विभाग में डीएनबी कोर्स के लिए 2025 से नामांकन शुरू होगी। इस मौके पर एनबीईएमएस से निलभ राज, डा. अनुप कुमार दुबे, अस्पताल प्रबंधक कमलजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आने वाला चुनाव कार्यकर्ताओं के कंधे पर होगा- सांसद

**परवेज अख्तर/सीवान।** सदर विधानसभा क्षेत्र के रघुहाता शिव मंदिर के पास स्थित विवाह भवन में रविवार को भाजपा सक्रिय सदस्यों की सम्मेलन आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा भारतीय जनता पार्टी बिहार के सभी विधानसभा में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कर रही है। आने वाला चुनाव कार्यकर्ताओं के कंधे पर है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रभक्ति लेकर समाज में काम करता है और देश को मजबूत करने के लिए कार्य करता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश के गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री देश में 70 वर्ष के अधिक लोगों को आयुष्मान से जोड़कर परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व मंत्री व्यास देव प्रसाद, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, प्रमिल कुमार गोप प्रदिप कुमार रोज, हरेन्द्र कुशवाहा, अभिमन्यु कुमार सिंह, पुनम गिरी, चन्द्र प्रकाश यादव उर्फ हैप्पी यादव, संजय साह, सुभाष सिंह कुशवाहा, सत्यम सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सभी मंडलों से सैकड़ों सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।



## युवती को जिंदा जलाकर मारने के मामले में 11 नामजद

**हुसैनगंज(सिवान)** = थाना क्षेत्र के हबीबनगर निवासी हरेराम बिंद ने 11 अप्रैल को थाना में आवेदन देकर आलोक कुमार, मंझरिया देवी, रामपुकार, कमलेश कुमार, खुशी, राजांती, अर्जुन प्रसाद, निधि कुमारी, चंद्रिका प्रसाद, नीतीश कुमार एवं राजकुमारी समेत 11 लोगों पर युवती को जिंदा जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हरेराम बिंद ने आरोप लगाया है कि छह अप्रैल की रात्रि गांव के ही आलोक कुमार मेरी पुत्री निशा कुमारी को फोन कर अपने घर बुलाया। जब मेरी पुत्री उसके घर गई तो आलोक कुमार के स्वजन एकजुट होकर मेरी पुत्री के शरीर में आग लगा दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला पार्षद हरिलाल गाड़ी से मेरी पुत्री को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पीएमसीएच जाने के दौरान ही रास्ते में पुत्री की मौत हो गई। उसके बाद हरिलाल ने साजिश के तहत शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने दिया तथा दबाव बनाकर शव को जलवा दिया। साथ ही सादे कागज पर मेरा हस्ताक्षर भी ले लिया है। अब मेरे मोबाइल पर फोन पर रुपये लेने तथा मुकदमा नहीं करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

# रवींद्र कान्हेरे बने विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### विद्या भारती के तीन दिवसीय साधारण सभा बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/राजगीर ( नालंदा )**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तीन दिवसीय साधारण सभा बैठक राजगीर स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को संपन्न हो गया. जो 11 अप्रैल से चल रहे साधारण सभा बैठक के अंतिम दिन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष का चुनाव विद्या भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ ललित बिहारी गोस्वामी के अध्यक्षता में संपन्न हुई.वही संचालन विवेक शेंडे ने किया. प्रोफेसर रवीन्द्र कान्हेरे विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए. अगले तीन वर्षों तक वे इस पद पर काम करेंगे. इस मौके पर चुनाव पदाधिकारी प्रोफेसर रंजीत कुमार वर्मा एवं ललित बिहारी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. रवीन्द्र कान्हेरे मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले है.अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीन पर उतारने में सरकार के साथ -साथ संस्थाओं को पूरा सहयोग करना रहेगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए समाज के सज्जन शक्ति को जोड़ते हुए हमें जो भी करना होगा करेंगे.विदित हो कि साधारण सभा बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से 271 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. साधारण सभा बैठक के माध्यम से लघु भारत का स्वरूप देखने को मिल रहा था। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही देश की अग्रणी संस्था विद्या भारती बच्चों की पढाई के साथ साथ ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता पर भी जोर देगी. मौके पर राजेंद्र प्रसाद खेतान, जैनपाल जैन,कमल किशोर सिन्हा, क्षेत्रीय सह मंत्री राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह ,डा ज्वाला प्रसाद,क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा,रामलाल सिंह,नकुल कुमार शर्मा, भरत पूर्वे, प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

